**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–02.09.2025 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- राज्य कैबिनेट की आज होगी बैठक, 50 से अधिक प्रस्तावों पर होगी चर्चा, राज्यहित में लिये जायेंगे कई महत्वपूर्ण निर्णय।
- मुख्यमंत्री आज पीजीटी शिक्षकों, सहायक आचार्यों और लैब सहायकों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र, मैट्रिक–इंटर के टॉपरों को करेंगे पुरस्कृत।
- दिल्ली में जीएसटी काउंसिल की बैठक आज से, झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर होंगे शामिल, राज्य के लिए मांगेंगे क्षतिपूर्ति अनुदान।
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना कवरेज में राज्य में साहिबगंज को पहला स्थान, चतरा 127 प्रतिशत कवरेज के साथ दूसरे स्थान पर।
- रांची में आयोजित करम पूर्व संध्या कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री, कहा–समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाना सभी की जिम्मेदारी।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज प्रस्तावित राज्य कैबिनेट की बैठक में चार दर्जन से अधिक प्रस्तावों पर चर्चा होने की उम्मीद है। इनमें से सबसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव है पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के आवास को उनकी पत्नी रूपी सोरेन के नाम पर आवंटित करना। राज्य सरकार पीवीजीटी बहुल क्षेत्रों में 109 नए आंगनबाड़ी केंद्र खोलने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान कर सकती है। एक अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव सैनिक स्कूल तिलैया को लेकर है। यहां के जिन छात्रों के अभिभावकों की वार्षिक आय तीन लाख रुपए से कम है, उनकी फीस माफ करने का निर्णय लिया जा सकता है।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज पीजीटी शिक्षकों, नव चयनित सहायक आचार्यों और लैब असिस्टेंट को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। नियुक्ति पत्र वितरण के साथ–साथ सीएम 2025 में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के स्टेट टॉपर्स को भी पुरस्कृत करेंगे। इनके अलावा सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और आकांक्षा के जेईई के टॉपर्स को भी सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री स्टेट टॉपर्स को सम्मानित करेंगे। सेकेंड–थर्ड समेत अन्य टॉपर्स को जिलों में आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

******************

दिल्ली में जीएसटी काउंसिल की बैठक आज से शुरु हो रही है। पहले दिन अलग–अलग राज्यों के वित्त सचिव और वाणिज्यकर अधिकारी बैठक में शामिल होंगे। वहीं तीन और चार सितंबर को वित्त मंत्रियों की बैठक होगी। झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर बैठक में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि जीएसटी में राज्य को राजस्व में होने वाले नुकसान के लिए वे क्षतिपूर्ति अनुदान मांगेगें।

******************

केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज्य की विधि व्यवस्था पर सवाल उठाये हैं। कोडरमा में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य में लगातार आपराधिक गतिविधियां बढ़ रही है लेकिन राज्य की सरकार खामोश है।

******************

झारखंड के पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता योगेंद्र साहू ने राज्य की अपनी ही गठबंधन सरकार के कामकाज पर सवाल उठाये हैं। हजारीबाग में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार में कांग्रेस की भूमिका कहीं दिखाई नहीं देती है।

******************

खान एवं भूतत्व विभाग की अधिसूचना के तहत रांची के चिन्हित कैटेगरी–2 के 19 बालूघाटों की ई–नीलामी की जायेगी। इन बालू घाटों की ई–नीलामी आज दोपहर तीन बजे से समाहरणालय स्थित ब्लॉक–ए के कमरा नंबर 207 में होगी। निविदा दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि तीन सितंबर है।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

******************

पूर्वी सिंहभूम जिले के घोड़ाबांदा प्रखंड के कार्लाबेडा गांव से वन विभाग की टीम ने दुर्लभ वन्य जीव पैंगोलिन के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार छापेमारी के दौरान कुल चार पैंगोलिन बरामद किए गए हैं। पैंगोलिन की तस्करी एक जघन्य अपराध है और इसके लिए 7 वर्ष तक कारावास की सजा हो सकती है।

******************

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के कवरेज में साहिबगंज को पहला स्थान प्राप्त हुआ है जबकि चतरा दूसरे स्थान पर है। चतरा जिले का लक्ष्य 40 हजार 656 किसानों के पंजीकरण का था, लेकिन किसानों की सक्रिय भागीदारी और प्रशासनिक टीमों की निरंतर पहल से यह संख्या बढ़कर 65 हजार 715 तक पहुंच गई। लक्ष्य से 25 हजार 59 अधिक किसानों ने बीमा के लिए पंजीयन कराया। इस उपलब्धि ने चतरा जिले को पूरे राज्य में विशेष पहचान दिलाई है।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मोरहाबादी मैदान में आयोजित करम पूर्व संध्या समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने राज्यवासियों को करम महोत्सव की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सोरेन ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने हमें एक समृद्ध सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत दी है और पूरा आदिवासी समाज एकजुट रहकर इस विरासत को इसी प्रकार आगे बढ़ाएं।

******************

दुमका जिले की ग्रामीण महिलाएं सरकार की कल्याणकारी और स्वावलंबन योजनाओं से जुड़ कर आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त हो रही हैं।

******************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज भी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है। इसके असर से पांच सितंबर तक रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में गर्जन और तेज हवाओं के साथ वज्रपात संभव है।

******************

रांची के कांके स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय की तीन छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का नाम रोशन किया है। कक्षा आठ की छात्रा नंदनी कुमारी, कक्षा–छह की शिवानी कुमारी और सीता कुमारी ने असम में आयोजित सब जूनियर अंडर–14 बालिका फुटबॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है।

******************

<u>अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने पटना में वोट अधिकार यात्रा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शामिल होने की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– झारखंड में गरीबों की थाली से दाल व नमक गायब, प्याज–भात से गुजारा।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– तुपुदाना की पूर्व ओपी प्रभारी मीरा सिंह पर चार्जशीट।

प्रभात खबर लिखता है– दुर्घटनाग्रस्त होने से बचा इंडिगो का विमान, बाल–बाल बचे 95 यात्री।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– पाकिस्तान से तस्करी कर झारखंड में हथियारों की आपूर्ति करता था मयंक।

******************